हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

HARPAL TOWER
3bhk Luxury Lifestyle Apartments

BILASPUR'S MOST AWAITED REAL ESTATE PROJECT
FEATURING THE BIGGEST OFFER EVER!

A PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION

AUSPICIOUS BEGINNINGS
EXTRAORDINARY LIVING

Celebrate This Festival with a more rewarding way to own your dream home.

PREMIUM 3 BHK LIFESTYLE APARTMENTS

FREE FALL CEILING
FREE MODULAR KITCHEN
₹ 1 LAKH CASH DISCOUNT

LIMITED APARTMENT

PROJECT BY
RAJ CONSTRUCTION
#NayeBilaspurKiPehchaan

LIMITED TIME OFFER
BOOK NOW

360°
SCAN TO EXPLORE THE APARTMENT IN 360°

OUTDOOR AMENITIES
ENTRANCE GATE | COVERED CAR PARKING | SEPARATE TRANSFORMER | 24 - HOURS WATER SUPPLY | EV CHARGING PROVISION | RAIN WATER HARVESTING | SOLAR STREET LIGHT

INDOOR AMENITIES
PODIUM GARDEN | GAZEBO | MULTIPURPOSE SPORTS TURF | JOGGING TRACK | CHILDREN PLAY AREA

More Amenities to experience

Follow us on Instagram

Tnc Rera Approved
PCGRERA050326002049
https://reracgstate.gov.in

TERMS AND CONDITIONS APPLIED

ASHOK NAGAR, BIRKONA ROAD,
BILASPUR, CHHATTISGARH

9424 171 234
7354 498 765


खबर संक्षेप

मां चण्डी विद्या गौरव सम्मान समारोह में प्रतिभाओं का किया गया सम्मान



बिर्रा। ग्राम पंचायत बिर्रा के नवयुवक दुर्गोत्सव समिति दाऊ मोहल्ला में क्वांर शारदीय नवरात्रि के अवसर पर दुर्गा पंडाल में आयोजित मां चण्डी विद्या गौरव सम्मान-2026 समारोह में प्रतिभाओं का सम्मान देना परम कर्तव्य है। 10 बोर्ड परीक्षा में जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल जांजगीर में अध्ययनरत छात्र शौर्य कश्यप पिता महेंद्र कश्यप माता प्रीति कश्यप ग्राम सलखन को सीबीएसई (सीबीएसई) 10वीं में 97 प्रतिशत अंक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा की छात्रा कु. सुहाना यादव पिता छोटेलाल यादव माता जयकुमारी को 95.04 प्रतिशत के साथ सेंटर टॉप एवं सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के छात्र तरुण कुमार कश्यप पिता राजेन्द्र कुमार कश्यप माता चंद्रप्रभा को 90.16 प्रतिशत अंको से गौरवमयी सफलता प्राप्त करने पर मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से उनके आत्मविश्वास बढ़ता है। विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक अभिराम कश्यप, निलांबर सिंह,नरेश देवांगन,खम्हन सार्वा, देवचंद यादव ,पुनीराम कश्यप, भोलाराम साहू ,संतोष साहू, रामकृष्ण कश्यप ,राजकमल कर्ष, गांधी लाल, राजेन्द्र कश्यप, तिलकराम, तीजराम, गौतम, छतबाई कर्ष ,राहूल ,अवधमती देविका सोनी, मोहनी देवी, राजेश कश्यप ,श्रीमती उमा देवी, कुलदीप कश्यप बजरंग,अमृत,माखन लाल,लालू ,मुकेश, अजय,उमेश कश्यप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

गरबा एवं डांडिया नृत्य की दो दिवसीय मनमोहक प्रस्तुति



शिवरीनारायण। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में इस बार नवरात्रि पर्व पर इस्कान टेम्पल की तर्ज पर मायापुरी पंडाल में मां दुर्गा की 35 फीट ऊंची प्रतिमा विराजीत की गई। पंडाल मे प्रतिदिन अनेको आकर्षक कार्यक्रम आयोजित कराया गया। यहां मातारानी के दरबार मे भव्य गरबा एवं डांडिया नृत्य की दो दिवसीय मनमोहक प्रस्तुति देर रात तक दी गयी। कोरियोग्राफर एवं संचालिका राजलक्ष्मी केसरवानी द्वारा मातारानी के दरबार मे भव्य गरबा एवं डांडिया नृत्य की दो दिवसीय मनमोहक प्रस्तुति देर रात तक दी गयी। राजलक्ष्मी केशरवानी, आराध्या कटकवार एवं ईशा कैवर्त्य द्वारा सर्वप्रथम गणेश वन्दना नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किया गया। गरबा ग्रुप मे 130 प्रतियोगी जिसमे बच्चे, लड़के लड़कियां विवाहित सभी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। विजेता प्रतिभागियो को गरबा संचालिका की ओर से उपहार एवं समिति की ओर से प्रसस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रतीक चिन्ह के रूप मे दिया गया । निर्णायक के रुप में ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल की संचालिका श्रीमती आशिष रोशनी पटेल शिवरीनारायण एवं जैश्मीन मारिया भरत नाट्यम शिक्षिका बस्तर शामिल हुई। मंच संचालन शरद पांडेय द्वारा किया गया। दुर्गा समिति सद्स्य नितेश केसरवानी ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए अपना सहयोग प्रदान करने वालों को धन्यवाद दिया।

निधन

शकीला बेगम



जैजैपुर। ग्राम परसा पाली सरवानी की प्रतिष्ठित महिला हज्जम मरहूम शकीला बेगम का 80 वर्ष की उम्र में भारतीय नगर बिलासपुर में इंतकाल हो गया। यहां से उनका शव उनके गृहग्राम परसा पाली सरवानी लाया गया। यहां उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, समाज के लोग एवं ग्रामवसी बड़ी संख्या में शामिल हुए।




सांसद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने जीएम से की मुलाकात, सुपर फास्ट ट्रेनों के स्टापेज को लेकर भी की चर्चा

नैला रेलवे फाटक पर ओव्हरब्रिज एवं अंडरब्रिज निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर नैला रेलवे फाटक पर ओव्हरब्रिज एवं अंडरब्रिज की मांग को लेकर सांसद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने रेलवे के जीएम से मुलाकात की। साथ ही साथ सुपर फास्ट ट्रेनों के स्टापेज को लेकर भी उनसे चर्चा की।

ज्ञात हो कि गुरूवार 22 अक्टूबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे बिलासपुर जोन में महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन के बलौदा रेल्वे फाटक पर ओवरब्रीज एवं अण्डरब्रीज की मांग को लेकर रेल्वे के जी.एम. को ज्ञापन सौंपा। इस बैठक में क्षेत्र के जनता की बहुत पुरानी मांग नैला बलौदा रेल्वे मार्ग पर फाटक में आये दिनों



रेलवे जीएम को ज्ञापन सौंपते सांसद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष।

लगने वाले जाम से आम नागरिक परेशान है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन पर साऊथ बिहार एक्सप्रेस, गोड़वाना एक्सप्रेस, हीराकुण्ड एक्सप्रेस व चाम्पा जंक्शन में गीताजंली एक्सप्रेस का शीघ्र स्टापेज, ठहराव दिये जाने के संबंध में चर्चा किया व ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही नैला के प्रसिद्ध नहरिया बाबा मंदिर में फुट ओवरब्रीज का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने, नैला ईस्ट केबिन के पास बड़ी अबादी दर्री पारा एवं अन्य वार्ड के लोग निवासरत है वहां पर आवागमन हेतु सुगम मार्ग व फुट ओवरब्रीज बनाये जाने का सुझाव जीएम को बताया। साथ ही जिला मुख्यालय जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन में यात्रियों के लिये उच्च स्तरीय प्रतिक्षालय, लिफ्ट, स्केलेटर, प्लेट फॉर्म नं. 1,2,3 में पर्याप्त शेड व आरामदायक कुर्सी की व्यवस्था, पीने के शुद्ध पानी की व्यवस्था सहित एक नया फुट ओवरब्रीज बनाये जाने का सांसद कमलेश व पूर्व नेता प्रतिपक्ष चंदेल ने जी.एम. को सुझाव दिया। इसके साथ दोनों नेताओं ने नई रेल परियोजना बलौदाबाजार, खरौद-शिवरीनारायण से धर्मजयगढ़ तक जाने वाली नई रेल परियोजनाओं के संदर्भ में अनेक आवश्यक सुझाव जी.एम. को दिये व उस संदर्भ में विस्तार से चर्चा हुई।

धूमधाम से हुआ रावण दहन, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा मेला ग्राउंड



हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धर्म नगरी शिवरीनारायण में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महानदी किनारे चौपाटी के समीप स्थित मेला ग्राउंड में रावण दहन का आयोजन किया गया। रावण दहन देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

पुतला दहन के दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। विजयादशमी के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। रावण दहन के साथ ही बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। मेला ग्राउंड में जुटे लोगों ने उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दशहरा उत्सव को लेकर खासा उल्लास रहा।रावण दहन के बाद लोगों ने मेले का भ्रमण किया और विभिन्न दुकानों पर खरीदारी की। पर्व के चलते नगर में चहल-पहल का माहौल रहा। विजयादशमी का यह आयोजन भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति लोगों की आस्था का प्रतीक बना।

शोभा यात्रा निकालकर किया गया जवारा विसर्जन, जगह-जगह ग्रामीणों ने की पूजा



बलौदा। समीपस्थ ग्राम भिलाई में धिकुड़िया तालाब के पार में विराजी मां मौली दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर नवमी तिथि को जवारा विसर्जन किया गया। मंदिर के बैगा नरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि गांव में जवारा विसजर्न के पूर्व भव्य यात्रा निकाली गई। इसके बाद बस्तीपारा घाट में विसर्जित किया गया। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की गई। गौरतलब है कि ग्राम भिलाई की ग्राम देवी मां मौली दाई में शारदीय नवरात्र में नौ दिनों तक जवा बोआ गया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कराया। नवमीं के दिन जसगीत मादर के थाप में बैगीनो ने सिर में जवारा कलश व पाठ-पीढ़ा लेकर शोभा यात्रा निकालते हुए जावरा विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लोट लेने वालों की लम्बी कतार थी। लोट के पीछे गाजे बाजे के साथ जसगीत पार्टी की टीम झुमते नाचते चल रहे थी। उसके पीछे सोलह श्रृंगार किये महिलाएं ज्वारा कलश लिये चल रहें थे। ज्वरा कलश विसर्जन देखने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर इकठ्ठा हुए थे। ऐसी मान्यता है कि मां मौली दाई की जो भक्त विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्वारा विसर्जन में शामिल होते है उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

रास गरबा में झूमे नगरवासी, सांस्कृतिक रंगों से सजी नवरात्रि की शाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर आजाद ग्रुप अकलतरा द्वारा आकाश टॉकीज के बगल में भव्य रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां दुर्गा की आरती एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस

- आजाद ग्रुप द्वारा भव्य रास गरबा कार्यक्रम का किया गया आयोजन



रास गरबा में झूमते नगरवासी।

आयोजन में भक्ति, संगीत और सांस्कृतिक उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला।

सुप्रसिद्ध गायक पुष्पराज देवांगन, गायिका एवं एंकर श्रेया भट्टाचार्य तथा प्रिंस सिंह के लाइव बैंड की शानदार प्रस्तुतियों पर युवक-युवतियां, महिलाएं और कपल जमकर थिरके। कार्यक्रम का शुभारंभ मंजू सिंह, गौरी सिंह चौहान, अनिता सिंह एवं स्वाति सिंह सिसोदिया ने मां दुर्गा की आरती कर किया। आकर्षक साज-सज्जा और पारंपरिक परिधानों में पहुंचे प्रतिभागियों ने आयोजन की रौनक बढ़ाई। गुजराती गरबा गीत 'ढोली तारो ढोल बाजे' से लेकर छत्तीसगढ़ी गीत 'आमा पान के पतरी' तक, विभिन्न गीतों की धुन पर प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक नृत्य किया। लाइव बैंड की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को खूब झुमाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं। गरबा जैसे पारंपरिक कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। दिनेश सिंह ने कहा कि गुजरात की गरबा परंपरा आज देशभर में लोकप्रिय है। ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और लोककलाओं के संरक्षण के साथ प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं। वहीं, मंजू सिंह ने पारंपरिक परिधानों में गरबा प्रस्तुत करने वाली युवतियों एवं महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाते हैं और महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। आयोजन समिति की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को बेस्ट कपल, बेस्ट मेकअप एवं बेस्ट ड्रेसअप श्रेणियों में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले अतिथियों एवं आयोजकों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर पल्लवी सिंह, एसडीएम सुमित बघेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर राणा, रूपेश जैन, नेहा जैन, आकांक्षा सिंह सिसोदिया, भावना सिंह, गरिमा सिंह, सीमा सिंह, सेजल जैन, प्रतिपाल सिंह, डॉ. रामायण सिंह, महेश्वर टंडन, गगन सिंघानिया, करन सिंह, उमाकांत भारते, दिनेश दास महंत, सुरेश सिंह राज, मिलु साहू, गजेंद्र सिंह राठौड़, कल्याण सिंह चौहान, सौरभ जैन, विक्की माधवानी, राहुल अरोरा, अविनाश सिंह, चंदन शर्मा एवं राजू जैन सहित आजाद ग्रुप के सदस्य और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

पैदल मार्च कर कांग्रेसियों ने की मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग



जांजगीर-चांपा। लोकतंत्र की रक्षा, मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर कांग्रेस ने जांजगीर में जोरदार प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामविलास राठौर के संयोजन में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विधायक ब्यास कश्यप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेसजनों ने शहीद स्मारक से अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक पैदल मार्च निकाला और केंद्र की भाजपा सरकार तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कचहरी चौक में मुख्य चुनाव आयुक्त के पुतले का दहन कर महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया तथा मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की गई। इस विरोध प्रदर्शन में विधायक व्यास कश्यप, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रमेश पैगवार एवं भगवानदास गढ़वाल, महामंत्री विवेक सिंह सिसोदिया, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामविलास राठौर, शिशिर द्विवेदी, अजीत सिंह राणा, ऋषिकेश उपाध्याय, राइस किंग खूंटे, सेवादल जिला संयोजक देव कुमार पांडे, असंगठित मजदूर प्रकोष्ठ जिला प्रमुख चंद्रप्रकाश ओग्रे भाकू, युवा कांग्रेस नेता आकाश तिवारी, परमेश्वर निर्मले, मनोरमा पाटेकर, अरमान खान, सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा ने निकाली पदयात्रा

चांपा। राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जनआंदोलन के द्वितीय चरण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष सुनील साधवानी के नेतृत्व में विशाल पदयात्रा एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बापू बालोद्यान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन के साथ हुई।



इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य मार्गों से होते हुए 'हमर चांपा' तक पदयात्रा निकाली और केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार चांपा को 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विधायक ब्यास कश्यप एवं प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, जिला महामंत्री नागेन्द्र गुप्ता, नेता प्रतिपक्ष हरीश पाण्डेय, पार्षद दुर्गा कुर्रे, मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, वरिष्ठ कांग्रेसी हरदयाल कंवर ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर संघर्ष करने को तैयार है। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील साधवानी ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सेवक देवांगन, कृष्णराव भूरे, हरदयाल तंवर, उमेश तिवारी, हरीश श्रीवास, शिवदयाल कर्ष, शांति सोनी, अनिता प्रकाश, शमिष्ठा कंसारी, लता श्रीवास, समद बेग, माणिक मसीह, हेमंत सोनी, डुग्गू प्रधान, पार्षद तमिंद्र देवांगन, अनिल रात्रे, पवन साहू, ललित देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, गिरधर देवांगन, शाश्वतधर दीवान, राज अग्रवाल, पंकज शुक्ला, बलबीर सिंह ढिल्लों, आसन दीवान, अंजुम अंसारी, राजेश्वर मिश्रा, राजू शर्मा, विपिन देवांगन, सुरेश देवांगन, रंजन कैवर्त, स्वाति बंसियार, श्यामबाई, संतोष अनंत, बहादुर यादव, ओम देवांगन, एकांश तिवारी, चंद्रकांत साहू, भागीरथी दुबे, संजय देवांगन, राकेश जोशी, जफर अंसारी, अरुण देवांगन, संजय साधवानी, इकबाल अंसारी, हासिम खान, एम.डी. अंसारी, महमूद अंसारी, पुनीराम देवांगन, राजू मुर्तुजा, मुस्तकिम कुरैशी, राजा अहमद, ओमप्रकाश बढ़ाई एवं विष्णु गाड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

भड़ेसर में सजी देवियों की जीवंत झांकी दर्शन के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, मेन रोड भड़ेसर में दशहरा उत्सव के अवसर पर जीवंत देवियों की आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी को देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं ने देवियों के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया तथा उन्हें निःशुल्क राजयोग सीखने के लिए आमंत्रित किया गया। यह झांकी रात्रि 10 बजे तक श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुली रही।

ज्ञातव्य है कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्रि के अवसर पर आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ शिव की शक्ति के प्रतीक साक्षात देवियों की झांकी सजाई जाती है। इन झांकियों के माध्यम से उन दिव्य देवियों के स्वरूप को दर्शाया जाता है, जिन्होंने असुरों का नाश कर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया था। संस्था का उद्देश्य यह संदेश देना है कि दिव्य शक्तियां प्रत्येक नारी में विद्यमान हैं। नारी अबला नहीं, बल्कि शिवशक्ति का स्वरूप है। इस अवसर पर बताया गया कि राजयोग विधि के माध्यम से सर्वप्रथम स्वयं के भीतर विद्यमान आसुरी विचारों और आसुरी कर्मों पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र जी ने भी शिव के साथ जगत जननी नारी शक्ति के आधार पर रावण पर विजय प्राप्त की थी। दशहरा पर्व इसी प्रकार बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है, जो मनुष्य को अपने भीतर की बुराइयों को समाप्त कर सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रह्माकुमारी चन्द्रिका के मार्गदर्शन में बी.के. फिरतू भड़ेसर, बी.के. संजय देवांगन, खोखरा से विजय देवांगन, संतोष कश्यप, सेंदरी से सरजू यादव, पुटपुरा से विनोद कुमार, मेहंदा से घनश्याम कुमार, धनेली से राम संजीवन साहू तथा स्थानीय उपसरपंच श्री यादव, पूर्व उपसरपंच राजेश पाण्डेय सहित ब्रह्माकुमारी खुशबू का योगदान सराहनीय रहा। वहीं, देवियों के स्वरूप में ब्रह्माकुमारी सरस्वती, ब्रह्माकुमारी लता, ब्रह्माकुमारी भारती एवं ब्रह्माकुमारी वाणी की भूमिका प्रमुख रही।


पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद स्व. परसराम भारद्वाज को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

पूर्व सांसद स्वर्गीय परसराम भारद्वाज की 11वीं पुण्यतिथि पर 19 अक्टूबर को बड़ी संख्या में नगरवासी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर उनके तैल चित्र पर पूजा अर्चना व माल्यार्पण कर अपनी विनम्र श्रद्धांजलि दी।

इस बीच अपनी श्रद्धांजलि देते हुए प्रथम वक्ता पूर्व न.पं. अध्यक्ष सुबोध शुक्ला ने स्व.भारद्वाज जी के

- वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से उनके प्रेमपूर्ण व्यवहार को किया याद



पुण्य तिथि पर पूर्व सांसद स्व . परसराम को श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी।

द्वारा किए जनहित के कार्यों व कार्यकर्ताओं से उनके सुमधुर व्यवहार का स्मरण किया। ब्लाक कांग्रेस पामगढ़ के अध्यक्ष ठा. नवल सिंह ने स्व. भारद्वाज के कार्यों को याद करते हुए उनके सुपुत्र रवि भारद्वाज को उनके नक्शे कदम चलने वाला बताया। हसौद ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कुशल कश्यप ने भी उनके व्यवहार व कार्यों की प्रशंसा की। जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के सदस्य नारायण खंडेलिया ने उनके साथ दिल्ली, भोपाल आदि जगह बिताए क्षणों व उनके रचनात्मक कार्यों को याद किया। पूर्व स्वास्थ्य कर्मी ठंडाराम मिरी व कृषि विभाग से सेवानिवृत्त जगन्नाथ बघेल ने भी स्व. भारद्वाज जी को विनम्र व्यवहारशील बताया। लवन से पहुंचे मनोज पांडे ने भी उनके कार्यों की प्रशंसा की। वरिष्ठ कांग्रेसी भुवनेश्वर साहू, वरुण पांडेय, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनोज रात्रे ने भी स्व.भारद्वाज का पुण्य स्मरण किया। नगर पंचायत खरौद के अध्यक्ष गोविंद यादव ने कहा कि छै बार सांसद निर्वाचित होकर उन्होंने नगर व क्षेत्र को गौरवान्वित किया था। श्रद्धांजलि अवसर पर स्वर्गीय भारद्वाज जी के सुपुत्र रवि भारद्वाज, संजय शेखर भारद्वाज,रोमा भारद्वाज व सभी परिजनों के साथ नगर पंचायत खरौद के पूर्व अध्यक्ष मुरारी यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अजय दिव्य, भुनेश्वरी डहरिया रायपुर, खरौदनगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमेंद्र यादव, नगर पंचायत खरौद उपाध्यक्ष महेश्वर यादव, पूर्व उपाध्यक्ष बालमुकुंद सोनी, सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी शरदचन्द्र शर्मा, पामगढ़ नगर कांग्रेस अध्यक्ष योगेश बघेल, सेवा दल नवागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष श्याम साहू, पार्षद सत्यम सिदार, पंचायत अध्यक्ष राहौद के पूर्व अध्यक्ष संतोष गुप्ता, शेखर शर्मा, विनोद यादव (रज्जू), राजेश शर्मा, नरेश शर्मा, विपिन शर्मा, गोविंद घृतलहरे, छोटेलाल आदित्य, शंकर दिवाकर, साहेब लाल साहू, मेला बाई सिदार, उग्रसेन साहू, राधेश्याम नोर्गे कोनार, राजकुमार भारद्वाज,साजन देवांगन, रवि कश्यप, शत्रुहन साहू, नारायण साहू, रामफल कश्यप सलखन, दिलहरण भारद्वाज, पीतांबर भारद्वाज, चैतराम भारद्वाज, विधान भारद्वाज सीताराम यादव पड़रिया, रामखिलावन वर्मा, उत्तरा भारद्वाज, नागेश भारद्वाज, बिलासपुर से डॉक्टर इसाक खान, आशीष सिंह, चंदू यादव, ईश्वर जांगड़े, लक्ष्मी, शंकर,चंद्रपाल यादव, रमेश नेताम,खीख राम, जितेंद्र, टिकेश्वर, विक्की, टिकेश पैकरा आदि उपस्थित थे।

!! नाम परिवर्तन सूचना !!

मन के मैं श्यामलाल कश्यप पिता सूरित राम जाती कुर्मी ग्राम घिवरा तह.- हसौद जिला - जांजगीर-चांपा (छ.ग.) का निवासी हूँ।

1 :- यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूँ।

2 :- यह कि मैं शपथ पूर्वक सत्य वचन कहता हूँ कि मेरी पुत्री तानिया कश्यप पिता श्यामलाल कश्यप के नाम से भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड में मेरी पुत्री का हिन्दी नाम में तानिया कश्यप व अंग्रेजी नाम में त्रुटि वश Thaniya kashyap के नाम से अंकित हो गया है।

3 :- यह कि मेरी पुत्री का नाम कक्षा 10वीं व 12वीं अंकसूची में हिन्दी व अंग्रेजी नाम में तानिया कश्यप (Taniya kashyap) पिता श्यामलाल कश्यप (shayamlal kashyap) सही अंकित है।

अतः मेरे द्वारा यह शपथ पत्र नोटरी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड में सिर्फ अंग्रेजी नाम को संशोधन कर तानिया कश्यप (Taniya kashyap) पिता श्यामलाल कश्यप (shayamlal kashyap) किया जावे जिसके संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

जिसका आधार कार्ड नंबर 7848 5692 9950 है।

दिनांक :-22/10/2026

श्यामलाल कश्यप
शपथकर्ता

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

कुकदा-रिंगनी पुल निर्माण में देरी, मंथर गति से चल रहा काम
4





खबर संक्षेप

जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 31 को

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर जन्मेजय महोबे के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जांजगीर-चांपा द्वारा 31 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से जिला पंचायत कार्यालय, जांजगीर के सभाकक्ष में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि युवा उत्सव में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक, लोकनृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, क्रिएटिव यूथ रील चैलेंज एवं पारंपरिक वेशभूषा सहित कुल 08 विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष तथा संगतकारों की आयु 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रत्येक प्रतिभागी किसी भी स्तर की प्रतियोगिता में केवल एक विधा में ही भाग ले सकते है। जिला स्तरीय युवा उत्सव में शामिल होने के लिए सभी प्रतिभागियों को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। राज्य स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 1 से 7 दिसंबर तक बिलासपुर में संभावित है। अधिक जानकारी के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जांजगीर-चांपा से संपर्क किया जा

दर्री आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर भर्ती के लिए आवेदन 31 तक

जांजगीर-चांपा। एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्री के आंगनबाड़ी केन्द्र 01 मे कार्यकर्ता पद रिक्त होने के फलस्वरूप 18 वर्ष से 44 वर्ष के महिलाओं से 31 अक्टूबर तक पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उक्त पद हेतु 12 वीं उत्तीर्ण उक्त ग्राम के किसी भी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को किया जाएगा सम्मान

सक्ती। व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमे एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है।

आकस्मिक मृत्यु : 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

सक्ती। प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। सक्ती जिले के तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम डेरागढ़ निवासी मृतक स्व. छेदीलाल केंवट को जहरीले सर्प काटने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पुत्र शांतिलाल केंवट पिता स्व छेदीलाल केंवट को चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति मिली है।

33वें पायदान पर आने वाले जिले में शिक्षा गुणवत्ता का बंटाधार

विकली टेस्ट तो दूर त्रैमासिक परीक्षा का परिणाम तक नहीं कर सके जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बोर्ड परीक्षा में खराब रिजल्ट के साथ पूरे प्रदेश में 33वें पायदान पर आने वाले जांजगीर चांपा जिले में शिक्षा गुणवत्ता अभियान का बंटाधार हो रहा है। दरअसल दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में रिजल्ट सुधारने को लेकर विकली टेस्ट, मंथली टेस्ट सहित परिणामों की समीक्षा करने कई तरह के कार्यक्रम तैयार किए गए थे, लेकिन वर्तमान में इनका कही कोई अता पता नहीं है। हद तो तब हो जाती है जब त्रैमासिक परीक्षा का परिणाम भी तकरीबन माह भर बाद भी जारी नहीं हो सका है। ऐसे में परिणामों की समीक्षा और गुणवत्ता सुधार की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

गौरतलब है कि जिले में इन दिनों शिक्षा व्यवस्था एक तरह से भगवान भरोसे चल रही है। शासन स्तर पर स्कूलों में शिक्षा गुणवत्ता अभियान के साथ खराब रिजल्ट वाले स्कूलों की समीक्षा ओर ग्रेडिंग करने सहित पिछले महीनों प्रदेश स्तर पर जिलों की रैकिंग की गई थी। इस रैकिंग में जांजगीर चांपा जिले में पूरे प्रदेश में 33वां स्थान मिला था। ऐसे में यहां की शिक्षकीय व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों ने ना केवल नाराजगी जाहिर की थी जबकि गुणवत्ता पर सुधार लाने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए थे। विभागीय सूत्रों की माने तो इसी कड़ी में स्कूलों में खास करके हाई व हायर सेकेण्डरी की कक्षाओं में विकली टेस्ट और मंथली टेस्ट लेने का कार्य क्रम तय किया गया था। यही नहीं लिए गए टेस्ट का रिजल्ट का जारी करके विभिन्न स्तरों पर इसकी समीक्षा करने की योजना बनाई गई थी। जिसके आधार पर शैक्षणिक स्तरों पर आवश्यक सुधार लाई जा सके। इधर बताया जाता है कि इस सत्र में अधिकांश स्कूलों में विकली टेस्ट का कही कोई अता पता नहीं है। शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप त्रैमासिक परीक्षा जैसे तैसे ली गई है लेकिन इसका परिणाम अधिकांश जगहों पर जारी नहीं हो सका है। इधर साप्ताहिक व मासिक टेस्ट के साथ त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा का भी अब तक अता पता नहीं है। बहरहाल कारण चाहे जो भी लेकिन जिले में एक ओर जहां बोर्ड परीक्षा में परिणाम निराशाजनक आने के साथ शिक्षा के क्षेत्र में जिले की गणना अंतिम पायदान से प्रारंभ होने लगी है तो वहीं गुणवत्ता सुधार को लेकर निर्धारित कार्यक्रम का भी बंटाधार हो रहा है।



स्कूल में पढ़ाई करते छात्र।

माह भर से पढ़ाई हो रही प्रभावित

शासकीय स्कूलों में बीते माह भर से पढ़ाई बेपटरी हो चली है। त्रैमासिक परीक्षा शुरू होने के साथ हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में नियमित अध्यापन व्यवस्था अघोषित रूप से चौपट हो गई है। इसके बाद दशहरा का अवकाश लग गया। जैसे तैसे अब स्कूल खुले है तो बच्चों को त्रैमासिक परीक्षा का रिजल्ट मिलने का इंतजार है। बताया जाता है कि हफ्ते दिन तक जैसे तैसे क्लास चलेगी, फिर दीपावली का अवकाश शुरू हो जाएगा।

बुलाई गई बैठक

नवमीं से लेकर बारहवीं तक के तिमाही परीक्षा परिणाम रिजल्ट को लेकर बीईओ एवं प्राचार्यो की बैठक बुलाई गई है। बैठक में शिक्षा गुणवत्ता एवं सुधार को लेकर चर्चा की जाएगी।

-एम.पी. सिंह,
डीईओ जांजगीर चांपा

रेल मंडल के अफसरों ने यात्री सुविधाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

स्टेशन के बाहर पे एंड यूज़ जन सुविधा केंद्र की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बिलासपुर रेल मंडल के अफसरों ने चांपा स्टेशन में रेल यात्रियों की सुविधाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। इस बीच स्टेशन के बाहर पे एंड यूज जन सुविधा केन्द्र खोले जाने की मांग रखी।

ज्ञात हो कि चांपा जंक्शन में 22 अक्टूबर को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिविजन की ओर से स्पेशल कैंपेन 6.0 रेल जन संवाद का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के अपर महाप्रबंधक एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक ने जनप्रतिनिधियों के साथ यात्रियों से सुविधा लेकर फीडबैक लिया। जहां झारसुगुड़ा से बिलासपुर तक चौथी रेल लाइन का कार्य बहुत जल्द पूरा होने के बाद कही गई। वही चांपा में प्लेटफॉर्म नंबर 4 का कार्य भी अंतिम रूप में है। इसके पूरा होने से नई ट्रेनों के ठहराव को लेकर जनप्रतिनिधियों ने रायगढ़ से अयोध्या तक ट्रेन की मांग के साथ कामख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस, गीतांजलि एक्सप्रेस, गोवा बैद्यनाथ एक्सप्रेस और तिरुपति रक्सौल ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई। एवं रेलवे स्टेशन के बाहर पे एंड यूज़ जन सुविधा केंद्र की मांग की गई। रेलवे स्टेशन के बाहर ओवर ब्रिज के नीचे को भी सौंदर्यीकरण करने की मांग की गई।



जनप्रतिनिधि से चर्चा करते अफसर।

अकलतरा व जांजगीर-नैला में भी यात्रियों से लिया फीडबैक

बिलासपुर रेल मंडल के अफसरों ने जांजगीर नैला व अकलतरा स्टेशन में रेल यात्रियों की सुविधाओं को लेकर जनप्रतिनिधियों से संवाद किया। साथ ही साथ यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। चर्चा के माध्यम से उनसे सुझाव भी लिए गए। बिलासपुर मंडल के शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, अंबिकापुर, अकलतरा, जांजगीर-नैला, कोरबा, रायगढ़ सहित अन्य सभी रेलवे स्टेशनों पर भी नामित अधिकारियों की उपस्थिति में 'रेल जनसंवाद' कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से यात्रियों एवं आम नागरिकों को अपनी बात सीधे रेलवे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिला। प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों के आधार पर संबंधित मामलों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा यात्रियों की समस्याओं के निराकरण पर जोर दिया गया।

जहां अपर महाप्रबंधक में जल्द मूर्त रूप देने का आश्वासन दिया गया। अपर महाप्रबंधक ने शहर के आसपास सड़कों के चौडीकरण को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव से सहयोग करने की बात कही ताकि रेल यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सके। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, सांसद प्रतिनिधि योगेश अग्रवाल, प्रेस क्लब अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की सदस्य खुशबू पटेल, पार्षद महेंद्र तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता पवन यादव, विकास तिवारी, गणेश श्रीवास, श्रीमती मीरा पतकी, रिंकू मोदी सहित नागरिकगण एवं यात्रीगण उपस्थित थे।

बाजार से मोबाइल चोरी करने वाला गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बाजार में भीड़ का फायदा उठाकर मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ा है। पिछले कुछ हफ्तों से ये गिरोह लगातार बुधवारी बाजार और आसपास के जिले में चोरी की वारदात कर रहा था । झारखंड से छत्तीसगढ़ आकर वे चोरी कर रहे थे। कोतवाली थाना में ही इनके खिलाफ 4 मामले दर्ज हैं।

- झारखंड से आकर करते थे चोरी, मोबाइल को भेज देते थे नेपाल

पुलिस के अनुसार 21 अक्टूबर को जांजगीर निवासी धनंजय कुमार शुक्ला ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि बुधवारी बाजार से उसकी सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल चोरी हो गई। सब्जी लेने के दौरान उसकी मोबाइल चोरी कर ली गई थी। इसी तरह शिवनारायण सोनी, प्रमोद कुमार तिवारी और संतोष कुमार कश्यप ने भी बुधवारी बाजार जांजगीर से मोबाइल चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में जुटी। विवेचना के दौरान रेलवे स्टेशन नैला में एक व्यक्ति को संदेहास्पद रूप से घूमते हुए पुलिस ने पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपना नाम मोहन महतो पिता रमेश महतो निवासी झारखंड का होना बताया। अपने अन्य साथी के साथ मिलकर जांजगीर साप्ताहिक बाजार में लोगों से भीड़ भाड़ में मोबाइल चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने उसके कब्जे से चार मोबाइल बरामद किया गया हैं। पूर्व में बाजार, मेला, भीड़ भाड़ वाले जगह में कई बार चोरी करने की बात आरोपी ने कबूल की। उसने बताया कि मोबाइल को वापस झारखंड ले जाते थे और वहां से नेपाल भेज दिया जाता था। पुलिस ने उसके नाबालिक साथी को भी पकड़ा है। प्रकरण में अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है।



बच्चे को दी थी ट्रेनिंग

पूछताछ में आरोपी मोहन महतो ने बताया कि पिछले 25-30 दिनों से चाम्पा में किराया का रूम लेकर दो अन्य साथी के साथ रह रहा था, जिसमें एक विधि से संघर्षरत बालक भी है। नाबालिक को अपने गांव तीनपहाड़ साहेब गंज झारखंड में एक माह की ट्रेनिंग दी गई थी, जिसमें भीड़ भाड़ इलाके में गूंगा बच्चा बनकर उपर पाकेट में रखे मोबाइल को कैसे निकालना है बताया गया था। पकड़े जाने पर गूंगा बनने का नाटक करता था। छोटा बच्चा और ऊपर से गूंगा देखकर लोग डांट फटकार कर छोड़ देते थे।

अवैध पटाखा भंडारण पर कार्रवाई, साढ़े 4.50 लाख का विस्फोटक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपाl

पटाखों के अवैध भंडारण मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने साढ़े 4 लाख के पटाखों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर के वार्ड क्रमांक 20 का है।

- दीपावली त्यौहार नजदीक आते अवैध पटाखा व्यवसायी हो जाते है सक्रिय

दीपावली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जिले भर में चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखा भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक क्विंटल 60 किलो विस्फोटक सामग्री जब्त की है, जिसकी बाजार कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड क्रमांक 20 जांजगीर निवासी राहुल महंत द्वारा अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखों का भंडारण किया गया है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने मौके पर रेड कार्रवाई की। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से भारी मात्रा में पटाखे बरामद हुए।मामले में आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्रमांक 866/2026 धारा 288 बीएनएस एवं विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा 9(ख)(1)(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व भी पटाखों के अवैध भंडारण मामले मे कार्रवाई करते हुए बैजलपुर, बिर्रा एवं बाराद्वार में बड़ी मात्रा में अवेध पटाखा जब्त कर आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। इसी के तहत गुरूवार को जांजगीर के वार्ड क्रमांक 20 में छापामार कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में उप निरीक्षक दिलीप सिंह, प्रशिक्षु उप निरीक्षक दिव्या कुर्रे, सउनि अरुण कुमार सिंह, मुकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक प्रकाश चंद राठौर, भीम श्रीवास सहित कोतवाली स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही। दीपावली पर्व के दौरान पटाखों का क्रय-विक्रय एवं भंडारण निर्धारित नियमों के अनुसार ही करें। अवैध भंडारण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।



जब्त पटाखा के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

राहौद पुलिस की जुआरियों पर कार्रवाई, 5 गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। ग्राम मेंहदी में जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के फड से 31 सौ नगदी एवं ताश को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सहायता केंद्र राहौद पुलिस ने ग्राम मेंहदी में जुए के फड़ पर दबिश दी। इस दौरान मेंहदी में जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों में राजू चौहान, मोहन चौहान, चेतन चौहान, साहिल सुमन और मलेस केवट निवासी राहौद को गिरफ्तार किया। उनके पास से 3100 रुपये नगद और 52 पत्ती ताश जब्त किया गया। सभी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले को 20 साल सश्रम कारावास

जांजगीर-चांपा। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (पाक्सो) ने मामले में फैसला सुनाया है।

अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार 18 जून 2025 को थाना जांजगीर में पीड़िता की मां ने अभियुक्त द्वारिका दास बैरागी के विरुद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि अभियुक्त ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध थाना जांजगीर में धारा 65 (2) भारतीय न्याय संहिता एवं धारा 4 (2) पाक्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान पीडिता का कथन महिला पुलिस अधिकारी से कराया गया। तत्पश्चात अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (पाक्सो) के न्यायालय में प्रकरण की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश रविन्दर कौर ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी द्वारिका दास बैरागी को दोषी पाया। आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास और 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड की राशि अदा नहीं करने पर 6 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताने का दण्डादेश जारी किया गया है। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक चंद्रप्रताप सिंह ने की।


जेठा कॉलेज मैदान की जगह बुधवारी बाजार में कराने की हो रही मांग

राज्योत्सव की तैयारी में जुटा प्रशासन, दूरी को लेकर शहरवासियों में निराशा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी इन दिनों राज्योत्सव की तैयारी में जुटे हुए है। वहीं दूसरी ओर दूरी को लेकर शहरवासियों में निराशा देखी जा रही है। इसके साथ ही जेठा कॉलेज मैदान की जगह बुधवारी बाजार सक्ती में कार्यक्रम कराने की मांग उठ रही है।

गौरतलब है कि वर्ष 2022 में सक्ती को नया जिला बनाए जाने के बाद स्थानीय नागरिकों में यह उम्मीद जगी थी कि जिला मुख्यालय स्तर के सभी बड़े शासकीय आयोजन शहर के भीतर ही होंगे, जिससे आम जनता को उनका सीधा लाभ और आनंद मिल सके। लेकिन राज्योत्सव के आयोजन स्थल को लेकर शहरवासियों में अब भी असंतोष बना हुआ है। जिला बनने के बाद से लगातार राज्योत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय से लगभग 8 से 10 किलोमीटर दूर ग्राम जेठा स्थित कॉलेज मैदान में किया जा रहा है, जिससे सक्ती शहर की एक बड़ी आबादी इस भव्य आयोजन से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ने में असमर्थ साबित हो रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसारशहरवासियों का यह भी तर्क है कि राज्योत्सव केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मंच नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचती है। कार्यक्रम शहर के मध्य होने से अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को भी शहर से दूर आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि राज्योत्सव के आयोजन स्थल पर एक बार फिर से पुनर्विचार किया जाए।आसपास के क्षेत्रों के लोगों को भी होगी आसानीशहरवासियों की मांग है कि आगामी राज्योत्सव कार्यक्रम बुधवारी बाजार खेल मैदान में आयोजित हो, ताकि सक्ती के अलावा मालखरौदा, अड़भार, डभरा, चंद्रपुर, छपोरा, हसोद, जैजेपुर और भोथिया तहसील क्षेत्र से आने वाले लोग भी सुगमता से कार्यक्रम में पहुंचकर इसका आनंद ले सकें।



राज्योत्सव को लेकर चल रही तैयारी।

करेंगे चर्चा

सक्ती शहर में राज्योत्सव कार्यक्रम को लेकर जिले के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। जिसके बाद ही कुछ स्थिति बन पाएगी।

-टिकेश्वर गबेल,
जिला भाजपा अध्यक्ष,
सक्ती

किराना दुकान में छिपाकर बेच रहा था शराब, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

किराना दुकान की आड़ में शराब बेचने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 70 पाव शराब को जब्त किया है। मामला मुलमुला थाना अंतर्गत ग्राम जेवरा का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जेवरा वार्ड 04 निवासी बलराम कश्यप अपनी किराना दुकान के काउंटर के पास अवैध शराब छिपाकर बेच रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक शिवानंद सिंह के नेतृत्व में टीम ने मौके पर रेड की। जांच में दुकान से 15 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की और 55 नग देशी प्लेन शराब, कुल 70 पाव शराब की जब्ती बनाई है। उक्त शराब की कीमत 6200 रुपये जब्त की गई।आरोपी बलराम कश्यप उम्र 47 वर्ष के विरुद्ध थाना मुलमुला में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



खबर संक्षेप

सरहरगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर 25 को

देवरी सारागांव। ग्राम पंचायत सरहरगढ़ स्थित कबीर आश्रम में रविवार, 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन साहू हेल्पलाइन सक्ती, जांजगीर-चांपा द्वारा किया जा रहा है। साहू हेल्पलाइन के संयोजक अशोक साहू एवं साहू संघ जांजगीर-चांपा के कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष ने बताया कि शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। इनमें डॉ. आकांक्षा साहू, एमबीबीएस, एमएस (गोल्ड मेडलिस्ट), एम्स रायपुर; डॉ. आशा साहू, न्यूरो सर्जन, वी.वाई. हॉस्पिटल रायपुर; डॉ. यशस्वी साहू, एमबीबीएस; डॉ. आशा गुप्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, मेडिकल कॉलेज दिल्ली; डॉ. दीपक साहू, एमडी मेडिसिन, अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर; डॉ. यमन साहू, एमबीबीएस एवं फिजियोथेरेपिस्ट; डॉ. हरसेवक साहू, बीएएमएस, जनरल फिजिशियन; डॉ. जीवनलाल साहू, बीएएमएस, वी.वाई. हॉस्पिटल रायपुर; डॉ. लोकेश साहू, बीईएमएस, सोंठी आश्रम; डॉ. देवेंद्र साहू, एमबीबीएस, जनरल फिजिशियन, श्री बालाजी नर्सिंग होम बम्हनीडीह तथा डॉ. राहुल साहू, एमबीबीएस, जनरल फिजिशियन, रजनी मेमोरियल हॉस्पिटल नवागढ़ शामिल हैं।

देवरानी में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 27 से

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम देवरानी में पटेल परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से कथा प्रवचन किया जाएगा। कथा वाचक पं. विनोद दुबे (सिलादेही) श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का रसपान कराएंगे। वहीं रोहन दास वैष्णव के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। यज्ञाचार्य पं. श्री प्रवीण तिवारी हैं। आयोजन के अंतर्गत 27 अक्टूबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी। 28 अक्टूबर को भागवत पद्मावली, 29 अक्टूबर को श्री ध्रुव चरित्र एवं प्रह्लाद चरित्र, 30 अक्टूबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं गोवर्धन प्रसंग, 31 अक्टूबर को प्रह्लाद चरित्र एवं वामनावतार, 1 नवंबर को श्रीकृष्ण बाललीला एवं गोवर्धन पर्वत लीला, 2 नवंबर को रास पंचाध्यायी एवं श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, 3 नवंबर को श्री सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष तथा 4 नवंबर को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोज होगा। आयोजन की तैयारी में हीराराम पटेल, रघुराम पटेल, गुड्डू पटेल, गनपत पटेल, विशाल, रामस्वरूप, भीखमे पटेल, गंगाराम पटेल, दीपेश, रतन, क्रांति पटेल एवं भूषण पटेल जुटे हुए है।

तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी नहीं हो सका निर्माण कार्य पूरा

कुकदा-रिंगनी पुल निर्माण में देरी, मंथर गति से चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज: जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत आदर्श ग्राम कुकदा से रिंगनी को जोड़ने वाले मार्ग पर स्थित कांजी नाला पुल का निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। लगभग तीन साल पहले शुरू हुआ यह निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं हो सका। बार-बार समय बढ़ाए जाने के बावजूद पुल से संबंधित कई महत्वपूर्ण कार्य अब भी शेष हैं। वर्तमान में पुल का मुख्य निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन पिचिंग और पुल के दोनों ओर पहुंच मार्ग पर डामरीकरण का काम बाकी है। वहीं, शेष निर्माण कार्य मंथर गति से होने के कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कुकदा-रिंगनी कांजी नाला पुल का निर्माण कार्य अप्रैल 2023 के आसपास शुरू किया गया था। इसे अप्रैल 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लेकिन तय समय सीमा तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। इसके बाद निर्माण की समय सीमा बढ़ाई गई। समय सीमा में विस्तार किए जाने के बावजूद पुल का निर्माण और उससे जुड़े आवश्यक कार्य पूरे नहीं हो पाए। अब लंबे समय से इंतजार कर रहे ग्रामीणों को उम्मीद थी कि पुल का निर्माण पूरा होने के बाद आवागमन सुगम हो जाएगा, लेकिन पहुंच मार्ग और अन्य कार्य अधूरे रहने से उनकी परेशानी बरकरार है। वर्तमान स्थिति यह है कि पुल का मुख्य निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन पुल के दोनों किनारों पर पहुंच मार्ग का डामरीकरण नहीं हुआ है। इसके अलावा पिचिंग का काम भी जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य की गति धीमी होने से लोगों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। पुल के दोनों ओर सड़क का निर्माण और डामरीकरण पूरा नहीं होने के कारण आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। लोगों का कहना है कि जब तक पुल के साथ पहुंच मार्ग का काम भी पूरी तरह से पूरा नहीं हो जाता, तब तक आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकेगा।


काम में जुटे मजदूर।

असुरक्षित रैंप से जान जोखिम में डालकर आवागमन

पुल निर्माण में हो रही देरी के बीच लोगों के सामने सबसे बड़ी समस्या आवागमन की सुरक्षा को लेकर है। वर्तमान में आने-जाने के लिए बनाए गए रैंप की स्थिति भी लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, रैंप से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। इसके बावजूद मजबूरी में लोग इसी रास्ते से आवागमन कर रहे हैं। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और अन्य वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर मार्ग की स्थिति खराब होने और निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ऐसे में ग्रामीणों ने निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के साथ ही आवागमन के रास्ते को सुरक्षित बनाने की मांग की है। ग्रामीणों की परेशानी केवल नए पुल के अधूरे निर्माण तक सीमित नहीं है। बताया जा रहा है कि पुराने पुल की ऊपरी प्लेटें उखड़कर बाढ़ के पानी में बह गई थीं। इसके कारण पुराने रास्ते की स्थिति भी खराब हो गई है। ऐसे में लोगों के सामने आवागमन के लिए सुरक्षित और सुगम रास्ते का अभाव बना हुआ है। पुल निर्माण में लगातार हो रही देरी से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

जिला मुख्यालय के सरदार पटेल उद्यान बदहाल

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

देश की एकता के प्रतीक लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। शहर में स्थित सरदार पटेल उद्यान की बदहाल स्थिति ने नगरपालिका और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस उद्यान में सरदार पटेल की आदमकद प्रतिमा स्थापित है, वहीं परिसर जलभराव, गंदगी और रखरखाव के अभाव से जूझ रहा है।

■ सर्व कुर्मी समाज सौंपेगा ज्ञापन

ज्ञात हो कि कुर्मी समाज के प्रयासों से इस उद्यान में आदमकद प्रतिमा स्थापित कराई गई है, जिसका लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया था। यह उद्यान समाज के लिए सामाजिक गौरव और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। इसके बावजूद बारिश में यहां दो फीट तक पानी भरने की बात सामने आई है, जिससे जल निकासी की खामियां उजागर हुई हैं। शहर के बीडीएम गार्डन में करोड़ों के सौंदर्यीकरण के दावों के बीच सरदार पटेल उद्यान में बुनियादी सुविधाओं का अभाव नगर विकास के दावों पर सवाल खड़ा करता है। वहीं वसुंधरा गार्डन में केवल रंगाई-पुताई तक ही काम हो पाया है। तीनों प्रमुख गार्डनों में साफ-सफाई और नियमित देखरखाव को लेकर लोगों में नाराजगी है। सर्व कुर्मी समाज ने जयंती से पहले नगरपालिका और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। समाज की मांग है कि जयंती पर केवल माल्यार्पण तक सीमित न रहकर उद्यान के जीर्णोद्धार, जल निकासी की स्थायी व्यवस्था और नियमित साफ-सफाई के लिए ठोस पहल हो। युवा कुर्मी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश कश्यप ने बताया कि जयंती समारोह की रूपरेखा तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण दिया गया है। 10वीं-12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

एकादशी पर श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज: अकलतरा

पाप अंकुश एकादशी के पावन पर्व पर श्री श्याम निशान यात्रा समिति के तत्वावधान में बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। पंचदेव मंदिर के तोरण द्वार से प्रारंभ हुई यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए करीब तीन किलोमीटर की पदयात्रा के बाद श्री श्याम मनोहर मंदिर पहुंची। यात्रा में श्रद्धालु 81 निशान लेकर शामिल हुए। पूरे मार्ग में बाबा श्याम के जयकारों और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। निशान यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर भजन-कीर्तन करते हुए बाबा श्याम की भक्ति में लीन नजर आए। यात्रा के दौरान नगरवासियों ने भी जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया। निशान यात्रा के श्री श्याम मनोहर मंदिर पहुंचने के बाद विधि-विधान से बाबा श्याम की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर बाबा श्याम का आकर्षक एवं मनोहारी श्रृंगार किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। मंदिर में दर्शन एवं पूजन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूजा के बाद बाबा श्याम को भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पाप अंकुश एकादशी व्रत को करने से सभी पाप नष्ट होते हैं और अंत में स्वर्ग की प्राप्ति होती है। एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित पवित्र तिथि है। इस दिन व्रत, पूजा-अर्चना, जप-ध्यान और दान-पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं ने एकादशी के अवसर पर भगवान की आराधना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि एवं मंगल की कामना की।


निशान यात्रा निकालते श्रद्धालु।

ग्राम अण्डा में 24 और 25 अक्टूबर को सजेगा दशहरा मेला

फगुरम-अंडा। मालखरौदा ब्लाक के ग्राम अण्डा में 16वें वर्ष भव्य 'दशहरा मेला एवं झमाझम डांस प्रतियोगिता' का आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को किया जा रहा है। राघवेंद्र स्वरूप रामलीला एवं रावण दहन मेले के दूसरे दिन 25 अक्टूबर को शाम 7:30 बजे भव्य रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन में छत्तीसगढ़ के मशहूर सुपरस्टार करन खान 25 अक्टूबर की रात्रि विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। 25 अक्टूबर को आयोजित डांस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि राम कुमार यादव विधायक, चन्द्रपुर रहेंगे। अध्यक्षता श्रीमती देवमती कमल प्रसाद जाटवर सरपंच ग्राम पंचायत अण्डा करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।



